**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–02.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)**

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के सेरेंगसिया घाटी स्थित शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा चाईबासा और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए कई करोड़ों की नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कई युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे और परिसंपतियों का वितरण किया।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार द्वारा पेश हुए आम बजट की आलोचना की है। उन्होंने इस बजट को झारखंड के लिए उपेक्षित और निराशाजनक बताया है.। वित्त मंत्री ने कहा कि खनिज संपदा से समृद्ध होने के बावजूद राज्य की बजट में अनदेखी की गई है ।

*******************

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने बजट को समावेशी विकास और राज्य की आर्थिक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम बताया है।

*******************

नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस बार दलीय आधार पर चुनाव नहीं हो रहा है लेकिन राजनीतिक गहमागहमी बढ़ी हुई है। रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की उपस्थिति में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। इसमें भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी के नाम पर फाइनल मुहर लगेगी।

*******************

राज्य के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के 14 प्रवासी मजदूर दुबई में फंसे हुए हैं। कंपनी के द्वारा मजदूरों के बीच काम के बदले मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही समय से अधिक काम कराया जा रहा है। इससे मजदूरों को वहां रहने एवं खाने–पीने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदेश में फंसे मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से मदद की अपील की है।

*******************

झारखंड अधिविद्य परिषद, जैक ने राज्य के मॉडल विद्यालयों में सत्र 2026 के लिए कक्षा 6 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य के सभी जिलों में संचालित मॉडल विद्यालयों में प्रवेश के लिए योग्य छात्र–छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 21 फरवरी निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन अनुमोदन की अंतिम तिथि 23 फरवरी है।

*******************

देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जैक की मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कदाचार मुक्त परीक्षा और केंद्रों पर बिजली–पानी जैसी सुविधाओं पर जोर दिया। परीक्षा कल से शुरू होगी। परीक्षा के दौरान मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

*******************

लोहरदगा जिले के किस्को– रिचुघटा मुख्य सड़क पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक को पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक छोडकर् फरार हो गया।

*********समाप्त*********